Deen Dayal Upadhyaya Gorakhpur University

(Accredited A++ by NAAC)

University in News on 23 May 2024

Dainik Jagran Page - 02

अब बीबीए और टूरिज्म पढ़ाई की तैयारी

गोवि से सम्बद्ध पांच कालेजों ने बीबीए और एक ने टूरिज्म के लिए किया आवेदन

जागरण संवाददाता, गोरखपुर : उच्चतर जगत की मांग को देखते हुए दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय से सम्बद्ध कालेजों ने भी ऐसे पाठ्यक्रमों को अपने परिसर में संचालित करने का निर्णय लिया है, जो अध्ययन के बाद छात्रका रोजगार देने वाले हों। इस क्रम में पांच कालेज बीबीए और एक कालेज बीएससी टूरिज्म एंड हास्पिटैलिटी का पाठ्यक्रम शुरू करने के लिए आगे आए हैं।

उनके आवेदन को विश्वविद्यालय स्वीकृति के लिए पहले विद्या परिषद और फिर कार्य परिषद को भेजेगा में रखेगा। स्वीकृति मिलने के बाद कालेज इन पाठ्यक्रमों में प्रवेश की प्रक्रिया शुरू करेंगे।

कालेजों को रोजगारपरक पाठ्यक्रम शुरू करने के लिए प्रोत्साहित करने की लेकर शासन से मिले मार्गदर्शन के बाद विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. पूनम टंडन ने कालेज प्रबंधकों

विद्या परिषद व कार्य परिषद की आवेदनों पर स्वीकृति के बाद सम्बद्ध कालेज करेंगे प्रवेश प्रक्रिया की शुरुआत

इन कालेजों ने विश्वविद्यालय में किया है आवेदन

पंडावनी रमाबती देवी आर्य महिला पीजी कालेज	बीबीए टिरिज्म
महात्मा गांधी पीजी कालेज, गोरखपुर	बीबीए होस्पे टेलर
सेंट एंड्रयूज पीजी कालेज, गोरखपुर	बीबीए लॉजिस्टिक्स
महात्मा प्रज्ञा माताविद्यालय, जंगल धुसड़	बीबीए टिरिज्म
रत्न हिन्दीबा पीजी कालेज, देवरिया-	बीबीए टिरिज्म
बाबू पीजी कालेज, पीपीगंज-	बीएससी टूरिज्म एंड हास्पिटैलिटी

विद्या परिषद व कार्य परिषद की बैठक का आज पड़ा, कुछ कालेजों ने रोजगार पाठ्यक्रमों को संचालित करने में न केवल रुचि दिखाई है बल्कि आवेदन भी आगे बढ़ा दिया है।

सभी सत्र-विश्वविद्यालय बोर्ड में सत्र 2024-25 से ही संचालित होंगे।

इन कालेजों ने विश्वविद्यालय में किया है आवेदन

चंदावती रमाबती देवी आर्य महिला पीजी कालेज, गोरखपुर- बीबीए टिरिज्म

महात्मा गांधी पीजी कालेज, गोरखपुर- बीबीए टिरिज्म थ्योर

सेंट एंड्रयूज पीजी कालेज, गोरखपुर- बीबीए लॉजिस्टिक्स

महात्मा प्रज्ञा माताविद्यालय, जंगल धुसड़- बीबीए टिरिज्म

रत्न हिन्दीबा पीजी कालेज, देवरिया- बीबीए टिरिज्म

बाबू पीजी कालेज, पीपीगंज- बीएससी टूरिज्म एंड हास्पिटैलिटी

विश्वविद्यालय के साथ-साथ अब छात्रों को भी व्यावसायिक पाठ्यक्रम संचालित होंगे।

इससे हमारे कालेज भी मजबूत होंगे और विद्यार्थियों को भी व्यावसायिक पाठ्यक्रम मिल जाएंगे। इसकी मांग बहुत ज्यादा है। विद्या परिषद और कार्य परिषद से स्वीकृति के बाद इनको लेकर आवेदन की प्रक्रिया शुरू करने की अनुमति कालेजों को दे दी जाएगी।

प्रो. पूनम टंडन, कुलसचि, गोवि

कालेजों की भी आय बढ़ेगी और इनको नियति मजबूत होगी। विद्यार्थियों को भी ऐसे पाठ्यक्रमों के लिए बाहर का रास्ता देखना पड़ता था लेकिन अब उनके शहर में ही यह सुविधा मिल जाएगी।

28 और 29 मई की माइनर परीक्षाएं टलीं

गोरखपुर। गोवि में चल रही सेमेस्टर परीक्षाओं के अंतर्गत स्नातक माइनर कोर्स की समय सारिणी में संशोधन किया गया है। अब 28 और 29 मई को होने वाली परीक्षाएं 10 और 11 जून को होंगी। परीक्षा नियंत्रक डा. कुलदीप सिंह ने बताया कि 28 मई को होने वाली एचएनडी-100 राष्ट्रगौरव 10 जून को सुबह 11 से 12:30 बजे तक होगी। 29 मई को होने वाली बीएससी-200 डिजास्टर मैनेजमेंट मैथेमेटिक्स दो, एसटीएटी200 डाटा साइंस दो की परीक्षा 11 जून को आठ से 9:30 तक होगी।

गोवि में प्रवेश के लिए अब 8 जून तक आवेदन

एचएनडी-100 राष्ट्रगौरव 10 जून को सुबह 11 से 12:30 बजे तक होगी। 29 मई को होने वाली बीएससी-200 डिजास्टर मैनेजमेंट इन इंडिया, एमएटी- 200 फाउंडेशन आफ मैथमेटिक्स दो, एसटीएटी200 डाटा साइंस दो की परीक्षा 11 जून को आठ से 9:30 तक होगी।

Amar Ujala page - 07

डीडीयू में होगी रिटेल, हेल्थकेयर और टूरिज्म की पढ़ाई

संबद्ध छह कॉलेजों में पढ़ सकेंगे बीबीए और टूरिज्म एंड हॉस्पिटेलिटी, विद्या परिषद और कार्यपरिषद से स्वीकृति के बाद शुरू होंगे आवेदन

संवाद न्यूज एजेंसी

गोरखपुर। शहर में उद्योग और पर्यटन के क्षेत्र में रोजगार की संभावनाएं बढ़ रही हैं, लेकिन इसके लिए यहां पर कुशल कर्मचारियों की कमी है।

शासन की मंशा है कि अब विश्वविद्यालय और कॉलेजों में उद्योग की जरूरत के अनुसार पाठ्यक्रम तैयार किए जाएं, ताकि उनको आसानी से कर्मचारी मिल सके। इसको देखते हुए दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय से संबद्ध छह कॉलेजों में बीबीए, रिटेल, लॉजिस्टिक्स, हेल्थ केयर और बीएससी टूरिज्म एंड हॉस्पिटैलिटी की पढ़ाई शुरू होने जा रही है। 24 मई को होने वाली विद्या परिषद की बैठक में इस प्रस्ताव को रखा जाएगा।

शासन के निर्देश के बाद विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. पूनम टंडन ने कॉलेज के प्रबंधक और प्रधानाचार्यों संग बैठक की। इसमें कुछ कॉलेजों ने इन पाठ्यक्रमों को संचालित करने में रुचि दिखाई। सभी कोर्स सेल्फ फाइनेंस मोड में सत्र 2024-25 से ही चलेंगे। विद्या परिषद और कार्य परिषद से स्वीकृति मिलने के बाद इनके लिए आवेदन की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी।

इन कॉलेजों में चलेंगे कोर्स

- चंदावती रमाबती देवी आर्य महिला पीजी कालेज, गोरखपुर- बीबीए टिरिज
- महात्मा गांधी पीजी कालेज, गोरखपुर- बीबीए टिरिज थ्योर
- सेंट एंड्रयूज पीजी कालेज, गोरखपुर- बीबीए लॉजिस्टिक्स
- महात्मा प्रज्ञा माताविद्यालय, जंगल धुसड़- बीबीए टिरिज
- रत्न हिन्दीबा पीजी कालेज, देवरिया- बीबीए टिरिज
- बाबू पीजी कालेज, पीपीगंज- बीएससी टूरिज्म एंड हास्पिटैलिटी

कॉलेज में ही होगा आवेदन

जानें शुरू होने वाले इन पाठ्यक्रमों को खास बात यह है कि वे अभी विश्वविद्यालय परिसर में उपलब्ध नहीं हैं। इनमें प्रवेश के लिए आवेदन कॉलेज के स्तर से ही होगा। इससे कॉलेजों को भी अब सहोली और उनको नियति मजबूत होगी। विद्यार्थियों को भी ऐसे पाठ्यक्रमों के लिए बाहर का रास्ता देखना पड़ता था लेकिन अब उनके शहर में ही यह सुविधा मिल जाएगी। साथ ही उनको शहर में ही रोजगार मिलने की संभावनाएं बढ़ जाएंगी।

विश्वविद्यालय के साथ-साथ अब कॉलेजों में भी प्रोफेशनल कोर्स चलाए जाएंगे। इससे हमारे कॉलेज भी मजबूत होंगे और विद्यार्थियों को भी फायदा पहुंचेगा। इस समय इन पाठ्यक्रमों की मांग बहुत ज्यादा है। विद्या परिषद और कार्य परिषद से स्वीकृति मिलने के बाद इनके लिए आवेदन की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी।

- प्रो. पूनम टंडन, कुलसचि

28-29 मई की माइनर परीक्षाएं टलीं

डीडीयू : 28 मई को राष्ट्र गौरव की परीक्षा अब 10 जून को होगी

संवाद न्यूज एजेंसी

गोरखपुर। दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय में चल रही सेमेस्टर परीक्षाओं के अंतर्गत स्नातक माइनर कोर्स की समय सारिणी में संशोधन किया गया है। अब 28 और 29 मई को होने वाली परीक्षाएं 10 और 11 जून को होंगी।

परीक्षा नियंत्रक डॉ. कुलदीप सिंह ने बताया कि 28 मई को होने वाली एचएनडी 100 राष्ट्र गौरव की परीक्षा अब 10 जून को सुबह 11 से 12:30 बजे तक होगी।

वहीं, 29 मई को होने वाली बीएससी-200 डिजास्टर मैनेजमेंट मैथेमेटिक्स-दो और एसटीएटी-200 डाटा साइंस-दो की परीक्षा 11 जून को सुबह आठ से 9:30 बजे तक होगी। संशोधित समय सारिणी विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.ddugu.ac.in पर अपलोड है।

प्रवेश के लिए अब आठ जून तक करें आवेदन

गोरखपुर। दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय में चल रही सेमेस्टर परीक्षाओं के अंतर्गत स्नातक माइनर कोर्स की समय सारिणी में संशोधन किया गया है। अब 28 और 29 मई को होने वाली परीक्षाएं 10 और 11 जून को होंगी। परीक्षा नियंत्रक डॉ. कुलदीप सिंह ने बताया कि 28 मई को होने वाली एचएनडी-100 राष्ट्र गौरव की परीक्षा अब 10 जून को सुबह 11 से 12:30 बजे तक होगी। वहीं, 29 मई को होने वाली बीएससी-200 डिजास्टर मैनेजमेंट इन इंडिया, एमएटी-200 फाउंडेशन ऑफ मैथमेटिक्स-दो और एसटीएटी-200 डाटा साइंस-दो की परीक्षा 11 जून को सुबह आठ से 9:30 बजे तक होगी। संशोधित समय सारिणी विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.ddugu.ac.in पर अपलोड है।

Hindustan Page 05, 07

24 मई को विद्या परिषद की बैठक में मिल सकती है मंजूरी

रिटेल, हेल्थकेयर और टूरिज्म की होगी पढ़ाई

डीडीयू

- छात्र उठाने लगाइए माताविद्यालयों में शुरू होने प्रोफेशनल कोर्स
- छात्रों को मिलेगा व्यावसायिक पाठ्यक्रम होगी 4 साल की डिग्री

इन कालेजों में चलेंगे ये कोर्स

चंदावती रमाबती देवी आर्य महिला पीजी कालेज	बीबीए टिरिज्म
महात्मा गांधी पीजी कालेज	बीबीए होस्पे टेलर
सेंट एंड्रयूज पीजी कालेज	बीबीए लॉजिस्टिक्स
महात्मा प्रज्ञा माताविद्यालय	बीबीए टिरिज्म
रत्न हिन्दीबा पीजी कालेज	बीबीए टिरिज्म
बाबू पीजी कालेज	बीएससी टूरिज्म एंड हास्पिटैलिटी

- डॉ. पूनम टंडन, कुलसचि, गोवि

डीडीयू में प्रवेश के लिए अब 8 जून तक करें ऑनलाइन पंजीकरण

डीडीयू में 28 व 29 को होने वाली परीक्षाएं टलीं

Inext Page - 04

डीडीयूजीयू पांच कालेजों ने बीबीए टूरिज्म के लिए किया आवेदन

अब कालेजों में भी बीबीए और टूरिज्म की होगी पढ़ाई

विद्या परिषद व कार्य परिषद की स्वीकृति के बाद छात्रोंने दाखिले प्रक्रिया की शुरुआत

gorakhpur@inext.co.in

GORAKHPUR (22 May): उच्चतर जगत की मांग को देखते हुए दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय से सम्बद्ध कालेजों ने भी ऐसे पाठ्यक्रमों को अपने परिसर में संचालित करने का निर्णय लिया है, जो अध्ययन के बाद छात्रका रोजगार देने वाले हों। इस क्रम में पांच कालेज बीबीए, और एक कालेज बीएससी टूरिज्म एंड हास्पिटैलिटी का पाठ्यक्रम शुरू करने के लिए आगे आए हैं। उनके आवेदन को विश्वविद्यालय स्वीकृति के लिए पहले विद्या परिषद और फिर कार्य परिषद को भेजेगा में रखेगा। स्वीकृति मिलने के बाद कालेज इन पाठ्यक्रमों में प्रवेश की प्रक्रिया शुरू करेंगे। कालेजों को रोजगारपरक पाठ्यक्रम शुरू करने के लिए प्रोत्साहित करने की लेकर शासन से मिले मार्गदर्शन के बाद विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. पूनम टंडन ने कालेज प्रबंधकों

इन कॉलेजों ने किया है आवेदन

पंडावनी रमाबती देवी आर्य महिला पीजी कालेज	बीबीए टिरिज्म
महात्मा गांधी पीजी कालेज, गोरखपुर	बीबीए होस्पे टेलर
सेंट एंड्रयूज पीजी कालेज, गोरखपुर	बीबीए लॉजिस्टिक्स
महात्मा प्रज्ञा माताविद्यालय, जंगल धुसड़	बीबीए टिरिज्म
रत्न हिन्दीबा पीजी कालेज, देवरिया	बीबीए टिरिज्म
बाबू पीजी कालेज, पीपीगंज	बीएससी टूरिज्म एंड हास्पिटैलिटी

विश्वविद्यालय के साथ-साथ अब कालेजों में भी व्यावसायिक पाठ्यक्रम संचालित होंगे। इससे हमारे कालेज भी मजबूत होंगे और विद्यार्थियों को भी फायदा होगा। इस समय इन पाठ्यक्रमों की मांग बहुत ज्यादा है। विद्या परिषद और कार्य परिषद से स्वीकृति के बाद इनके लिए आवेदन की प्रक्रिया शुरू करने की अनुमति कालेजों को दे दी जाएगी।

प्रो. पूनम टंडन,
कुलसचि, डीडीयूगोवि

'वोट का शॉट' कार्यक्रम का किया गया शुभारंभ

gorakhpur@inext.co.in

GORAKHPUR (22 May): रेडियो सिटी 91.9 एफएम की ओर से इन दिनों वोट का शॉट नाम से जनजागरूकता अभियान चलाया जा रहा है. इसका उद्देश्य लोगों को मतदान के प्रति जागरूक करना है. इसमें जागरूकता प्रसार वैन को एक सप्ताह तक पूरे शहर में चलाया जाएगा और लोगों को मतदान के लिए प्रेरित किया जाएगा. मुख्य अतिथि गोवि की कुलपति प्रो. पूनम टंडन, विशिष्ट अतिथि जिला निर्वाचन अधिकारी विनीत कुमार सिंह, नितिन मातनहेलिया, डा.शिवशंकर शाही, डा.वाई सिंह, डा.अनुराग श्रीवास्तव, डा.दिनेश चंद्रा, डा.एएन शर्मा, डा.पंखुड़ी जौहरी, इंजीनियर संजीव कुमार, विक्की ककरेजा, दैनिक जागरण के यूनिट हेड प्रवीण कुमार ने मतदान जागरूकता अभियान की शुरुआत वैन को हरी झंडी दिखाकर की. आगंतुकों ने मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए विचार रखे. रेडियो सिटी के एवीपी सेल्स प्रशांत त्रिपाठी व लोकेशन हेड सेल्स श्रीदेव त्रिपाठी ने सभी अतिथियों का स्वागत और रोजनल प्रोग्रामिंग डायरेक्टर अरुण भट्ट ने सभी के सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया. कार्यक्रम का संचालन आरजे प्रीती ने किया. इस अवसर पर रेडियो सिटी टीम से आरजे प्रतीक, आरजे विनय, मनिन्द्र तिवारी, अखलेश सिंह, रुचिर, विवेक, राजकिशोर, राजीव राय समेत कई लोग मौजूद रहे.

डीडीयूजीयू ने बढ़ाई रजिस्ट्रेशन की डेट

GORAKHPUR (22 May)

डीडीयूजीयू में पीजी और रिसर्च में के आवेदन की अंतिम तिथि बढ़ा दी गई है. अब एप्लीकेंट्स 8 जून तक ऑनलाइन पंजीकरण करा सकेंगे. यह जानकारी देते हुए प्रवेश प्रकोष्ठ के निदेशक प्रो. हर्ष कुमार सिन्हा ने बताया कि यूजी और रेट एग्जाम के लिए पहले ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन की अंतिम तिथि 22 मई तक घोषित थी. बीते कुछ दिनों में एप्लीकेंट्स से कुछ स्टूडेंट्स प्रमाणपत्र प्राप्त होने में हो रहे विलम्ब के दृष्टिगत अंतिम तिथि बढ़ाने के लिए अनुरोध किया जा रहा था. इसी दौरान वीसी प्रो पूनम टंडन ने स्टूडेंट्स के लिए ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 8 जून तक बढ़ाने का निर्देश दिया. अब सभी परीक्षाओं के लिए एप्लीकेंट 8 जून तक रजिस्ट्रेशन और फीस जमा कर सकेंगे. फॉर्म को ऑनलाइन जमा करने की अंतिम तिथि 10 जून निर्धारित की गई है.

Rashtriya Sahara Page - 02, 05

का जांच पड़ताल करने में जुट गई।

सेमेस्टर परीक्षाओं की संशोधित समयसारिणी जारी

गोरखपुर(एसएनबी)। दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय एवं संबद्ध महाविद्यालयों में सत्र 2023-24 के अन्तर्गत स्नातक, स्नातकोत्तर एवं डिप्लोमा सत्र सेमेस्टर की 15 अप्रैल से चालू सेमेस्टर परीक्षाओं की समय सारिणी में विश्वविद्यालय ने संशोधन करते हुए नयी समय सारिणी जारी की है।

विश्वविद्यालय द्वारा बुधवार को संशोधित समय सारिणी के तहत कुछ विषयों की तिथि तथा समय में परिवर्तन किया गया है। स्नातक माइनर की संशोधित समय सारिणी के अन्तर्गत राष्ट्रगौरव एचएनडी 100 की परीक्षा की संशोधित तिथि 10 जून 2024 को पूर्वाह्न 11 बजे से दोपहर 12.30 बजे तक होगी। जबकि डिजास्टर मैनेजमेंट मैकेनिज्म इन इंडिया प्रश्नपत्र कोड (डीएमइए 200) तथा फाउंडेशन ऑफ मैथमैटिक्स द्वितीय कोर्स (एमएटी 200) एवं डाटा साइंस द्वितीय प्रश्नपत्र कोड (एसटीएटी 200)की परीक्षा संशोधित तिथि में अब 11 जून 2024 को प्रातः 8 बजे से 9.30 बजे तक संपन्न होगी।

■ स्नातक माइनर की परीक्षाएं अब बदली तिथि में होंगी

वह जानकारी देते हुए परीक्षा नियंत्रक ने बताया कि विद्यार्थी संशोधित समय सारिणी के मुताबिक परीक्षा देंगे, इसे विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर भी अपलोड कर दिया गया है।

विवि की प्रवेश परीक्षाओं को आवेदन अब 8 जून तक होंगे

गोरखपुर (एसएनबी)। दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय की स्नातक, परास्नातक एवं शोध प्रवेश परीक्षाओं के आवेदन की अंतिम तिथि बढ़ा दी गई है। अब अभ्यर्थी 8 जून तक ऑनलाइन पंजीकरण करा सकेंगे। यह जानकारी देते हुए प्रवेश प्रकोष्ठ के निदेशक प्रो. हर्ष कुमार सिन्हा ने बताया कि परास्नातक एवं शोध पात्रता परीक्षा के लिए पूर्व में ऑनलाइन पंजीकरण की अंतिम तिथि 22 मई तक घोषित थी। बीते कुछ दिनों में अभ्यर्थियों द्वारा कतिपय प्रमाणपत्र प्राप्त होने में हो रहे विलम्ब के दृष्टिगत अंतिम तिथि बढ़ाने के लिए अनुरोध किया जा रहा था। इन प्रतिवेदनों पर विचार करते हुए कुलपति प्रो० पूनम टंडन ने विद्यार्थीहित में ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 8 जून तक बढ़ाने का निर्देश दिया। अब सभी परीक्षाओं के लिए अभ्यर्थी 8 जून तक पंजीकरण और शुल्क जमा कर सकेंगे। फार्म भरकर ऑनलाइन जमा करने की अंतिम तिथि 10 जून निर्धारित की गई है।

■ 10 तक ऑनलाइन जमा कर सकेंगे फार्म

Amar Ujala Select Page 04

डीडीयू : 28 और 29 मई की माइनर परीक्षाएं टलीं

गोरखपुर। दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय में चल रही सेमेस्टर परीक्षाओं के अंतर्गत स्नातक माइनर कोर्स की समय सारिणी में संशोधन किया गया है। अब 28 और 29 मई को होने वाली परीक्षाएं 10 और 11 जून को होंगी। परीक्षा नियंत्रक डॉ. कुलदीप सिंह ने बताया कि 28 मई को होने वाली एचएनडी 100 राष्ट्र गौरव की परीक्षा अब 10 जून को सुबह 11 से 12:30 बजे तक होगी। वहीं, 29 मई को होने वाली बीएससी-200 डिजास्टर मैनेजमेंट इन इंडिया, एमएटी-200 फाउंडेशन ऑफ मैथमैटिक्स-दो और एसटीएटी-200 डाटा साइंस-दो की परीक्षा 11 जून को सुबह आठ से 9:30 बजे तक होगी। संशोधित समय सारिणी विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.ddugu.ac.in पर अपलोड है।

डीडीयू में होगी रिटेल, हेल्थकेयर और टूरिज्म की पढ़ाई

Gorakhpur Super Fast Times

डीडीयू की प्रवेश परीक्षाओं हेतु आवेदन अब 8 जून तक

गोरखपुर। सुपर फास्ट टाइम्स

दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय गोरखपुर की स्नातक,परास्नातक एवं शोध प्रवेश परीक्षाओं के आवेदन की अंतिम तिथि बढ़ा दी गई है। अब अभ्यर्थी 8 जून तक ऑनलाइन पंजीकरण करा सकेंगे। उक्त जानकारी देते हुए प्रवेश प्रकोष्ठ के निदेशक प्रो०हर्ष कुमार सिन्हा ने बताया कि परास्नातक एवं शोध पात्रता परीक्षा के लिए पूर्व में ऑनलाइन पंजीकरण की अंतिम तिथि 22 मई तक घोषित थी। बीते कुछ दिनों में अभ्यर्थियों द्वारा कतिपय प्रमाणपत्र प्राप्त होने में हो रहे विलम्ब के दृष्टिगत अंतिम तिथि बढ़ाने के लिए अनुरोध किया जा रहा था। इन प्रतिवेदनों पर विचार करते हुए कुलपति प्रो० पूनम टंडन ने व्यापक विद्यार्थी हित में ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 8 जून तक बढ़ाने का निर्देश दिया। अब सभी परीक्षाओं के लिए अभ्यर्थी 8 जून तक पंजीकरण और शुल्क जमा कर सकेंगे। पूरित फॉर्म को ऑनलाइन जमा करने की अंतिम तिथि 10 जून निर्धारित की गई है।